दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक :20.12.2024

प्रकाशनार्थ

दिनांक 20.12.2024 गोरखपुर। आज दिनांक 20 दिसंबर 2024 को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर गोरखपुर एवं दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राहक जागरूकता अभियान के तहत गोरक्ष प्रांत के नेतृत्व में पूरे महानगर में ग्राहक संपर्क अभियान एवं ग्राहक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ में प्रान्त कोषाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने कहा की ग्राहकों के अधिकारों का हमेशा से हनन होता आया है। इसके लिए ग्राहकों को संगठित होना जरूरी है। बिना संगठन कोई भी समाज और व्यक्ति शोषण मुक्त होने की कल्पना भी नहीं कर सकता। देश का प्रत्येक व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक ग्राहक है।

डॉ पाण्डेय ने ग्राहक पंचायत महानगर के सदस्यों के साथ ग्राहक जागरूकता रैली का नेतृत्व किया। ये रैली दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के प्रांगण से होते हुए बाल विहार, गणेश चौराहा, गोलघर होते हुए पुनः महाविद्यालय में समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली के दौरान ग्राहक जागरूकता नारों के साथ ही महानगर के ग्राहकों को ग्राहक जागरूकता प्रपत्र देकर जागरूक करने का कार्य किया गया।

इस आयोजन में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के महानगर सचिव अविनाश श्रीवास्तव, पर्यावरण प्रमुख डॉ. कमलेश मौर्य, सह प्रमुख बृजेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुराधा एवं डॉ हरिशंकर, कोषाध्यक्ष संगम मणि त्रिपाठी, रोजगार प्रमुख अश्वनी श्रीवास्तव, सह प्रमुख डॉ मुदित दुबे एवं ह्यूमैनिटी हेल्पर्स के अभय साहनी, राजवीर गुप्ता, हर्षा सोनकर, अनूप विश्वकर्मा, शिवमणि मौर्य, पवन चौधरी, प्रशांत द्विवेदी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रमों की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ. शैलेष कुमार सिंह)
सूचना एवं मीडिया प्रभारी